

आईसीसी व बीसीसीआई पर बरसे....



# सांध्य दैनिक 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in  www.facebook.com/4pmnewsnetwork  @Editor_Sanjay  YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 321 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, मंगलवार, 2 जनवरी, 2024

मूल्य ₹ 3/-

गुलामी के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि अंततः गुलामों को यह पसंद आने लगता है।

-अरस्तु


7 देखो वो सियासतदानों, राम का नाम... 3 कुछ दिनों में कहानी सुनाई जाएगी... 2


## हिट एंड रन कानून के खिलाफ देशभर में सड़क पर उग्र प्रदर्शन

# ट्रक ड्राइवरों ने दूसरे दिन भी किया चक्का जाम, पेट्रोल को तरसे लोग


### » गृहमंत्री से कानून में संशोधन की मांग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। देश में वाहन चालकों की हड़ताल का असर दूसरे दिन भी दिखाई दिया। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। देश के कई शहरों में कॉलेज और स्कूल वाहन नहीं चले, जिससे स्कूल जाने वाले छात्रों और शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पेट्रोल पंप पर आउट ऑफ स्टॉक के पोस्टर चिपका दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी नए कानून के खिलाफ यूपी राज्य परिवहन के बस चालकों ने हड़ताल की । ज्ञात हो कि सड़क दुर्घटना मामलों के संबंध में सात लाख का जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है।



फोटोः सुमित कुमार



उधर मुंबई के 50 प्रतिशत पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं, यानि उनमें पेट्रोल नहीं है, बीती रात नागरिकों द्वारा भराए गए पेट्रोल के बाद आज स्टॉक रिफिल नहीं हुआ है। आम तौर पर हर दिन 1500 गाडियां ईंधन की सप्लाई की जाती हैं। लेकिन आज एक भी गाड़ी अब तक एक भी ऑयल ट्रक मुंबई नहीं पहुंची हैं। पेट्रोल सप्लाई करने वाली कंपनियों का सहयोग है। हालांकि ऑयल ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। इससे पहले पहले दिन की हड़ताल का असर महाराष्ट्र, मप्र, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, उप्र, हिमाचल, राजस्थान और बिहार पर आंशिक रूप से देखने को मिला।

**50**
**प्रतिशत पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं मुंबई के**

**या है नया कानून?**

बता दें कि नए कानून के तहत टक्कर मारकर भागने और दुर्घटना की सूचना न देने पर चालकों को 10 साल तक की जेल की सजा और जुर्माने का प्रविधान किया गया है। पहले आईपीसी की धारा 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत आरोपित को केवल दो साल तक की जेल हो सकती थी।

### ड्राइवरों का हो रहा शोषण : संजय सम्राट



संजय सम्राट का कहना है कि पहले तो सरकार ने गाड़ियों की लाइफ को 10 से 15 साल कर दिया। अब प्रदूषण के नाम पर डीजल पेट्रोल टैक्सी बसों और प्राइवेट कारों को बंद किया जा रहा है। इस वजह से ड्राइवर्स बेरोजगार हो रहें है और ट्रांसपोर्टर्स दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन (डीटीटीटीए) के अध्यक्ष संजय सम्राट ने ड्राईवरों के लिए बनाए गए कानून में संशोधन की मांग को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने पत्र के जरिए गृह मंत्री से इस कानून को वापस लेने के मसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। संजय सम्राट का आरोप है कि केंद्र और राज्य सरकारे ट्रांसपोर्टर्स और ड्राइवर्स के ऊपर दमनकारी नीतियां अपना रही है।

# महिला अपराध में यूपी ने सभी राज्यों को पीछे छोड़ा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। साल 2023 बीत चुका है। बीते एक साल में कई उपलब्धियां मिलीं तो अपराध के मामले में चिंताजनक तस्वीर भी सामने आई। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इनमें 50 प्रतिशत से अधिक मामले यूपी से रिपोर्ट किए गए। सबसे ज्यादा शिकायतें गरिमा के अधिकार श्रेणी में मिलीं।

महिला आयोग ने बताया कि घरेलू हिंसा के अलावा अन्य श्रेणियों के तहत भी उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई गईं। राष्ट्रीय महिला आयोग के मुताबिक महिलाओं के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आज भी जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता, दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न का प्रयास भी चिंताजनक तस्वीर पेश करता है। इन श्रेणियों में भी बीते 12 महीने के दौरान सैकड़ों मामले दर्ज किए गए हैं। महिला आयोग ने बताया कि सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश है। दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है। महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश क्रमश, तीसरे और चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।



**28,811**
शिकायतें मिलीं प्रदेश में एक साल में

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने जारी की रिपोर्ट**

# सिद्धारमैया को राम बताने पर भाजपा व कांग्रेस में छिड़ी रार

### » कांग्रेस नेता आंजनेय ने कहा- हम यों जाएं अयोध्या

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलूरू। कर्नाटक सरकार में मंत्री रहे और कांग्रेस नेता एच आंजनेय ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तुलना भगवान राम से की है, जिसे लेकर विवाद हो गया है। कांग्रेस नेता ने राम मंदिर को लेकर भाजपा पर राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि भाजपा लोगों को धर्म के आधार पर बांटती है। कांग्रेस नेता के इस बयान पर भाजपा नेताओं ने पलटवार किया है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि वह हिंदू देवी-देवताओं के बारे में सोच-समझकर बात करें।

मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए एच आंजनेय ने सीएम सिद्धारमैया के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या जाने के सवाल पर कहा कि वह (सिद्धारमैया) हमारे राम हैं फिर वो क्यों प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या जाएंगे? वह अपने पैतृक गांव में स्थित राम मंदिर के दर्शन करने जा सकते हैं। कांग्रेस नेता ने पत्रकारों से सवाल करते हुए ही पूछा कि उन्हें (सिद्धारमैया) क्यों जाना चाहिए?



### दुर्भाग्य है कि ऐसे बेवकूफ हमारे मंत्री हैं : बासनगौड़ा

कांग्रेस नेता एच आंजनेय के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता बासनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कांग्रेस नेता को चेतावनी देते हुए कहा कि वह हिंदू देवी-देवताओं के बारे में सोच समझकर बोलें। उन्होंने कहा कि यह हमारा दुर्भाग्य है कि ऐसे बेवकूफ हिंदू विरोधी लोग हमारे मंत्री हैं।

# कुछ दिनों में कहानी सुनाई जाएगी एक थी कांग्रेस : भगवंत

» आईएनडीआईए के तहत गठबंधन जरूरी

» कांग्रेस ने पंजाब के सीएम पर किया हमला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को टक्कर देने के लिए विपक्षी दलों ने आई.एन.डी.आई. गठबंधन बनाया। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, टीएमसी सहित कई दल एक साथ आकर भाजपा को चुनौती दे रहे हैं। हालांकि, समय-समय पर विपक्षी गठबंधन की एकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल अलग- अलग चुनाव मैदान में उतरे। वहीं, अब आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो चुकी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से चंडीगढ़ में पत्रकारों ने पूछा कि पंजाब कांग्रेस के नेता गठबंधन के खिलाफ हैं और उन्हें लगता है कि गठबंधन हुआ तो कांग्रेस का पंजाब से सफाया हो जाएगा, इस पर मान ने कहा कि आज उनकी क्या स्थिति है। क्या कांग्रेस की स्थिति साफ होने से कम है। भगवंत मान ने आगे कहा, जल्दी ही पंजाब और दिल्ली में माताएं अपने बच्चों को यह कहानी सुनाती दिखाई देंगी कि एक थी कांग्रेस।

हालांकि, मान ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए) के तहत कांग्रेस के साथ गठबंधन जरूरी है।



## मोदी व मान के विचार एक जैसे : पवन खेड़ा

पंजाब के मुख्यमंत्री के इस बयान पर कांग्रेस नेताओं ने टिप्पणी की। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप' के और मोदी जी के विचार कितने मिलते हैं! दोनों का सपना कांग्रेस मुक्त भारत का है। दोनों मुंह की खाएंगे। वैसे एक भोजपुरी पिक्चर का नाम है 'एक था जोकर'। आपने तो देखी होगी?


## आप का दावा- किसी भी हाल में जनता केजरीवाल का इस्तीफा नहीं चाहती

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि राजधानीवासियों ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए। मैं भी केजरीवाल डोर टू डोर अभियान सोमवर का पूरा। तथाकथित शराब घोटाले में उनको गिरफ्तार किया जाता है तो उन्हें जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। शराब घोटाला पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि भाजपा दिल्ली-पंजाब में हुई हार से हताश है। इसलिए वह आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। आम आदमी पार्टी के नेता ऋतुराज झा, कुलदीप कुमार, राजेश गुप्ता और जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अभियान के तहत लगभग 96 लाख लोगों से मुलाकात की गई। अभियान के संबंध में उम्मीद से काफी अधिक अच्छा परिणाम सामने आया हैं। करीब 98 फीसदी लोगों ने राय दी कि गिरफ्तारी होने पर अरविंद केजरीवाल को अपने पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए और उन्होंने उन्हें जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। आप नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ईडी और सीबीआई के दम पर हमें डराने में लगी हुई है, लेकिन हमारे पास जनता का प्यार है। हम डरने वाले नहीं हैं। यह खुलासा अभियान के दौरान हुआ। अभियान में लोगों की आई राय को बताने के लिए अब हर वार्ड में जनसंवाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायकों और पार्षदों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से गिरफ्तार होने की स्थिति में इस्तीफा नहीं देने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह जनता से राय लेकर ही फैसला लेंगे।

# आपदा के बाद सरकार हर संभव प्रयास कर रही : सीएम सुक्खू

» पहाड़ों में लौट रहे पर्यटक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दो दिनों के कुल्लू दौरे पर हैं। हिमाचल प्रदेश में आपदा के बाद पर्यटक वापस लौट गए थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मैं खुश हूं कि शिमला विंटर कार्निवाल शुरू हो चुका है। जो चार जनवरी तक जारी रहेगा। आपदा के बाद मनाली विंटर कार्निवाल शुरू होगा। एक बार फिर से हिमाचल की तरफ पर्यटक आ रहे हैं।

इससे एक दिन पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा था कि अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपदा से एक चुनौती की तरह लड़ाई को लड़ा है। इस आपदा का प्रदेशवासियों ने सामना किया और अब तंगी के बावजूद इसे बाहर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा था कि प्रदेश आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है। बावजूद सरकार ने आपदा प्रभावितों की मदद की। कानून बदलकर प्रभावितों को सात लाख रुपये का मुआवजा किया। जबकि आंशिक नुकसान का मुआवजा भी एक लाख तक बढ़ाया गया। कहा कि आपदा के दौरान वह स्वयं तीन दिनों तक रहे और यहां फंसे सैलानियों को सुरक्षित निकाला गया। राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध रहेंगे।

# विकास का ढिंढोरा सिर्फ नाम का : मायावती

» लोगों के जेब में पैसे नहीं, बीजेपी सरकार बेकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोगों की जेब में खर्च के लिए पैसे न हों, तो देश के विकास का ढिंढोरा किस काम का है? बेरोजगारों की फौज के साथ विकसित भारत कैसे संभव है? केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकारें, दोनों महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन जैसी बुनियादी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही हैं।

बसपा सुप्रीमो ने सोमवार को देश और प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ अपने संदेश में कहा कि इज्जत की रोजी-रोटी के लिए



सरकार को केवल रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था तथा जनकल्याण एवं विकास के मामलों में बसपा सरकार से बेहतर क्या किसी सरकार का रिकार्ड रहा है? यह ऐसा कार्य है जो सर्वसमाज के लोगों ने देखा और महसूस किया। वहीं दूसरी पार्टियों की सरकारों के दावे हवा-हवाई ज्यादा हैं।

# भाजपा से सावधान रहे मुस्लिम : ओवैसी

» युवाओं से बोले- जहां कभी कुरान पढ़ते थे वहां का हाल देख दर्द नहीं होता आपको

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिन काफी नजदीक है। इसी बीच, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय के युवाओं से अपील की है। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं से कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र द्वारा की जा रही गतिविधियों से सावधान रहना होगा और मस्जिद देश में आबाद रहना चाहिए।

ओवैसी ने यह वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की है। बाबरी मस्जिद को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जिस जगह पर पिछले 500



सालों से पवित्र कुरान पढ़ी जाती थी, वह जगह अब उनके हाथ में नहीं है। ओवैसी ने भवानी नगर में एक कार्यक्रम में कहा, युवाओं, मैं आपको बता रहा हूं, हमने अपनी मस्जिद खो दी है और आप देख रहे हैं कि वहां क्या किया जा रहा है। क्या आपको दर्द नहीं हो रहा है? जिस स्थान पर हमने बैठकर 500 वर्षों तक कुरान पढ़ा, वह आज हमारे हाथ में नहीं है। युवाओं, क्या आपको नहीं दिख रहा है कि तीन-चार और मस्जिदों को लेकर साजिश हो रही है, जिसमें सुनहरी मस्जिद (गोल्डन मस्जिद) है। इसमें दिल्ली का मस्जिद भी शामिल है? वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद आज हमने अपना मुकाम हासिल किया है।

## प्राण प्रतिष्ठा को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं ओवैसी : भाजपा

बीजेपी नेता अमित मालवीय ने इस बयान को लेकर असदुद्दीन ओवैसी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद के सांसद वही कर रहे हैं, जिसमें वो बेस्ट हैं, जो राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को सांप्रदायिक रंग देना है। मालवीय ने लिखा, 2020 में हैदराबाद में 2 मस्जिदें (मस्जिद-ए-मोहम्मदी और मस्जिद-ए-हाशमी) सचिवालय बनाने के लिए ढहा दी गईं। ओवैसी इस शहर से लोकसभा के सदस्य हैं और उन्होंने इस पर कुछ नहीं कहा। आखिर तब मस्जिदों की याद नहीं आई?




# धर्म और धार्मिक स्थल प्रचार के केंद्र नहीं : ललन सिंह

» बोले- भाजपा और मोदी की विदाई का रास्ता बिहार दिखाएगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंगेर। सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर के लखीसराय पहुंचे। यहां जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। सांसद ललन सिंह ने कहा, धर्म और आस्था प्रदर्शन की वस्तु नहीं, मैं भी हिंदू हूं और धर्म के प्रति मेरी आस्था भी गहरी है, लेकिन भाजपा वालों की तरह इसे प्रदर्शित नहीं करता।

धर्म और धार्मिक स्थल प्रचार के केंद्र नहीं हैं, देशभर में लोगों को इसके माध्यम से मुद्दों से भटकाया जा रहा है। मीडिया को आगे करके



प्रायोजित खबरों के माध्यम से भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया मीडिया को आगे कर अफवाह फैलाया जा रहा है। बिहार सरकार के गिरने से लेकर जदयू में टूट तक की भविष्यवाणी की जाने लगी, जो सच से परे है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार मजबूत है और आगे लोकसभा का चुनाव भी पूरी एकजुटता के साथ आईएनडीआईए के मंच से लड़ा जाएगा।



# देखो वो सियासतदानों, राम का नाम बदनाम न करो...

» थम नहीं रहा राम मंदिर उद्घाटन समारोह निमंत्रण विवाद

» पुजारी, नेता और समाज सेवी भी बयान में पीछे नहीं

» विपक्ष ने भाजपा को घेरा बीजेपी बोली, राजनीति ठीक नहीं

» संत बोले- यह राजनीति नहीं, पीएम की भक्ति है


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले निमंत्रण को लेकर उठा विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा है। पुजारी, नेता व समाजसेवी तक विवादित बयान देकर माहौल को गरमाए हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का भव्य मंदिर बन रहा है। इसको लेकर सत्ता में बैठी भाजपा की मोदी सरकार पर राजनीति करने का आरोप विपक्ष द्वारा लगाया जा रहा है। कांग्रेस समेत लगभग सारे विपक्ष ने एकसुर में कहा है राम सबके है पर सत्ता सुख के मद में चूर भाजपा उसके नाम पर 2024 में वोटों की खेती करने की जुगत कर रही है। खैर नेता तो नेतागिरी करने का कोई भी मौका नही छोड़ना चाहते परंतु ये भरतीय परंपराओं का अपमान करने से भी नहीं चूक रहे हैं।


जहां कई नेता हिंदू धर्म पर अनाप-शनाप बोल रहे हैं वहीं सत्ता से जुड़ी बीजेपी राम के नाम पर सियासत करने से बाज नही आ रही है। इन सब बातों से अलग आम जन नेताओं से बस इतना कहा रही है: राम का नाम बदनाम करो? अब इस विवाद में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने कहा है कि 22 जनवरी को मंदिर के भव्य अभिषेक के लिए निमंत्रण केवल उन लोगों को ही दिया गया है, जो भगवान राम के भक्त हैं। आचार्य सत्येंद्र दास की यह टिप्पणी हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के उस बयान की प्रतिक्रिया में थी जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें उद्घाटन के लिए निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने उद्धव ठाकरे के साथ-साथ उनकी ही पार्टी के नेता संजय राउत के बयान की भी निंदा की। आचार्य सत्येंद्र दास ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की।

आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, निमंत्रण केवल उन लोगों को दिया जाता है जो भगवान राम के भक्त हैं। यह कहना पूरी तरह से गलत है कि भाजपा भगवान राम के नाम पर राजनीति कर रही है, हमारे प्रधानमंत्री का हर जगह सम्मान किया जाता है, उन्होंने अपने कार्यकाल में बहुत काम किया है. यह यह राजनीति नहीं है, यह उनकी भक्ति है।


## मुस्लिम भी करें राम नाम का जप : इंद्रेश



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों से बड़ी अपील की है। उन्होंने मुसलमानों से 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर मस्जिदों, दरगाहों और मदरसों में 'श्री राम, जय राम, जय जय राम' का जाप करने को कहा है। इंद्रेश कुमार में राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'भारत में 99 प्रतशित मुसलमान और अन्य गैर-हिंदुओं का भारत से नाता है। उनका नाता आगे भी बना रहेगा, क्योंकि हमारे पुरखे एक ही थे। उन्होंने अपना धर्म बदला, अपना देश नहीं। राम मंदिर, राष्ट्र मंदिर ए कॉमन हेरिटेज नामक एक पुस्तक के विमोचन समारोह के दौरान लोंगों को संबोधित करते हुए ये बात कही। आरएसएस नेता ने इस्लाम, ईसाइयत, सिख या किसी भी अन्य धर्म का पालन कर रहे लोगों से शांति, सद्भाव एवं भाईचारा के लिए अपने अपने धर्मस्थलों पर प्रार्थना कर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़ने की अपील की। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस अवसर पर कहा कि जिनका हृदय बड़ा है, सोच बड़ी है, उनके लिए पूरा विश्व ही कुनबा (परिवार) है। ज्ञान परंपरा, जिसपर भारत आधारित है, इस उपदेश से भरा है।



## राम जन्मभूमि वोट पाने का राजनीतिक मुद्दा नहीं : राजनाथ



राम मंदिर के उद्घाटन में कुछ हफ्ते बचे होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राम जन्मभूमि उनके लिए केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक मुद्दा है। राम मंदिर से चुनावी लाभ मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही जब उनसे राम मंदिर से चुनावी लाभ मिलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमारे लिए वोट पाने के लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, राम जन्मभूमि एक हमारे लिए सांस्कृतिक मुद्दा है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैं किसी के कहने पर कुछ नहीं कहना चाहता। मैं भगवान राम से यही प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिनकी बुद्धि किसी कारणवश खराब हो गई है, उनकी बुद्धि सुधार दी जाए। शुद्धि हो जाये। राम सबके थे, सबके हैं और सबके रहेंगे। आपको बता दें कि राम मंदिर को लेकर देश में राजनीति खूब हो रही है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राम मंदिर बनाने की इजाजत देने के बाद यह धीरे-धीरे एक राजनीतिक स्टंट और चुनावी मुद्दा बन गया...मेरा मानना ??है कि वे बड़ी चतुराई से भगवान राम को धर्म की परिधि से राजनीति में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## मंदिर मानसिक गुलामी का मार्ग

### लालू-राबड़ी आवास के बाहर लगे पोस्टर

पटना। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच बिहार की राजधानी पटना में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से पोस्टर लगा है। इस पोस्टर में मंदिर को मानसिक गुलामी का मार्ग बताया गया। लालू राबड़ी यादव के आवास बाहर कई पोस्टर लगे हैं जिनमें एक पोस्टर ऐसा भी लगा है जिसमें मंदिर और शिक्षा की तुलना की गई है। इस




पोस्टर में एक तरफ लालू यादव और राबड़ी देवी की तस्वीर है तो दूसरी तरफ उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हैं। पोस्टर के शीर्ष पर महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक सावित्री बाई फुले तथा अन्य लोगों की तस्वीर भी है।पोस्टर में लिखा गया है,मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग। जब मंदिर की घंटी बजती है तो हमें संदेश देती है कि हम अंधविश्वास, पाखंड, मूर्खता और अज्ञानता की ओर बढ़ रहे हैं और जब स्कूल की घंटी बजती है तो हमें यह संदेश मिलता है कि हम तर्कपूर्ण ज्ञान और वैज्ञानिकता व प्रकाश की ओर बढ़ रहे हैं। दरअसल आरजेडी की तरफ से सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन 7 जनवरी को रोहतास में होना है।

## हम राम के सबसे बड़े भक्त हैं : राउत



शिवसेना (यूबीटी गुट) नेता संजय राउत ने कहा था कि पीएमओ और सरकार अयोध्या से काम करेंगे। वे केवल राम के नाम पर वोट मांगेंगे क्योंकि उन्होंने और कुछ नहीं किया है। हम भी राम के भक्त हैं, वास्तव में, हम राम के सबसे बड़े भक्त हैं और हमारी पार्टी ने राम मंदिर के लिए बहुत बलिदान दिया है... वे हमारे देश को 5000 वर्ष पीछे ले गये हैं। उन्होंने कहा कि ये सब राजनीति है, बीजेपी के कार्यक्रम में कौन जाना चाहता है? यह कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं है। ये बीजेपी का कार्यक्रम है, ये बीजेपी की रैली है। उसमें पवित्रता कहां है? बीजेपी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद हम (अयोध्या) जाएंगे।

## 500 साल बाद हो रही मनुवाद की वापसी : उदित राज



कांग्रेस नेता उदित राजके ओर से दिए गए एक विवादित बयान से सियासी पारा हाई हो गया है। उन्होंने अपने बयान में बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा है। राम मंदिर को लेकर कांग्रेस नेता ने अपनी विवादित टिप्पणी सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर दी है। उन्होंने सोमवार की सुबह लिखा, मतलब पाँच सौ वर्ष बाद मनुवाद की वापसी हो रही है। कांग्रेस नेता कहा कि बीजेपी केवल दिखावा कर रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोई राजा हैं क्या, बीजेपी संविधान को नहीं मानती है। अयोध्या में मीरा के घर जाने पर पीएम के दौरे पर उदित ने कहा कि वह लाभार्थी नहीं निषाद के घर गए।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# बाघों को बचाने पर देना होगा ध्यान

**“ सरकारों को अब कुछ ऐसा करना होगा ताकि पर्यावरण संतुलन को बचाने के लिए बाघों व चीतों को नहीं अन्य जन्तुओं को भी सहेजने की जरूरत हैं। पर्यावरण मंत्रालय मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 तक, देश में 177 बाघों की मौत हुई है, न कि 202 की, जैसा कि गलत रिपोर्ट किया गया है। यह मुख्य रूप से उन राज्यों में है जहां बाघों की संख्या काफी अधिक है और उनके आवास उनकी वहन क्षमता पर काम कर रहे हैं।**

*बिता हुआ साल भारतीय बाघों के लिए दुख भरा रहा है। इस वर्ष सैकड़ों की संख्या में बाघ काल के गाल में समा गये। अभी हाल ही में पीएम मोदी ने मप्र के कूनो में विदेशों से चीते मंगवा कर रखवाए थे पर वह भी भारतीय पारिस्थिकत तंत्र में अपने को समायोजित नहीं कर पाए और आपनी जान दे बैठे। सरकारों को अब कुछ ऐसा करना होगा ताकि पर्यावरण संतुलन को बचाने के लिए बाघों व चीतों को नहीं अन्य जन्तुओं को भी सहेजने की जरूरत हैं। पर्यावरण मंत्रालय मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 तक, देश में 177 बाघों की मौत हुई है, न कि 202 की, जैसा कि गलत रिपोर्ट किया गया है। यह मुख्य रूप से उन राज्यों में है जहां बाघों की संख्या काफी अधिक है और उनके आवास उनकी वहन क्षमता पर काम कर रहे हैं। 2023 में भारत में कम से कम 177 बाघों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे अधिक 45 बाघों की मौत महाराष्ट्र में दर्ज की गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में बाघों की 40 प्रतिशत मौतें शावकों और उप-वयस्कों से हुई हैं।*

*पर्यावरण मंत्रालय ने कुछ मीडिया रिपोर्टों में 2023 में 202 बाघों की मौत की उच्च संख्या का उल्लेख करने के बाद डेटा जारी किया। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 45 मौतें दर्ज की गई हैं, इसके बाद मध्य प्रदेश में 40, उत्तराखंड में 20, तमिलनाडु में 15 और केरल में 14 मौतें हुई हैं। इसके अलावा, इनमें से 54 प्रतिशत मौतें बाघ अभयारण्य के बाहर हुई हैं। भारत अब दुनिया के 70 प्रतिशत से अधिक जंगली बाघों का घर है। देश में न्यूनतम 3167 बाघ हैं। भारत में जंगली बाघ प्रति वर्ष 6 प्रतिशत की स्वस्थ दर से बढ़ रहे हैं, जो विभिन्न प्राकृतिक कारणों से बाघों की हानि को संतुलित करता है और निवास स्थान की वहन क्षमता के अनुसार बाघों की आबादी को बनाए रखता है। काउंटी में बाघ अभयारण्यों की कुल संख्या 54 है, जिसका क्षेत्रफल 78,000 वर्ग किमी से अधिक है और यह भारत के भौगोलिक क्षेत्र के 2.30 प्रतिशत से अधिक को कवर करता है। इस वर्ष एक नया बाघ अभयारण्य रानी दुर्गावती शुरू किया गया। राज्य सरकारों को अपने राज्यों में आने वाले वन क्षेत्रों कुछ विशेष कार्य करने पड़ेगें। चूकि चर्चा ऐसी है जंगली जानवरों के पर्यावास पर मानवीय अतिक्रमण की वजह से भी इन जानवरों के ऊपर खतरा बढ़ गया है। जगलों की अंधाधुध कटाई व इस जन्तुओं के निवास क्षेत्रों के नष्ट होने से ये बाघ, चीतें जगलों से इधर उधर भटकने को मजबूर हो गए है। इन्हीं भटकाव के चलते ये कभी-कभी दुर्घटना केशिकार हो जातें है मौत के मुंह में समा जाते हैं।*

**( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )**

# समय के सदुपयोग से पूरे होंगे नये लक्ष्य

क्षमा शर्मा

अपनी खट्टी-मीठी यादों के साथ 2023 विदा हो गया। हर रोज की आपाधापी, एक-एक दिन का बीतना, महीनों में बदलना और फिर साल की विदाई के रूप में आना। कहते हैं न कि समय को किसी पिंजरे में बंद नहीं किया जा सकता, न उसे पकड़ा जा सकता है। हां, उसके अच्छे और सार्थक उपयोग के तरीके ढूंढ़े जा सकते हैं। हर दिन कुछ ऐसा किया जा सकता है, जिससे समय का सदुपयोग भी हो और हमें संतुष्टि भी मिले। इन दिनों अक्सर लोग, हर दूसरा आदमी यह कहता पाया जाता है कि करना तो हम यह भी चाहते हैं, वह भी चाहते हैं लेकिन कर नहीं पाते, क्योंकि समय नहीं मिलता। अब सोचने की बात यह है कि जिन्हें देखकर हम सोचते हैं कि अमुक तो इतना सब कुछ कर लेते हैं, और हम उनके मुकाबले कुछ नहीं कर पाते, आखिर उनके पास भी तो समय हमारे बराबर ही है। रात-दिन को मिलाकर चौबीस घंटे ही।

इस मामले में अपनी परिचित एक महिला का उदाहरण देना सही मालूम पड़ता है। इस महिला का कहना था कि उसने अपनी नींद का समय तय कर रखा है, वह रात को दस बजे तक सो जाती है। इससे पहले सवेरे की तैयारी कर देती है जैसे कि सब्जी काटना, आटा गूंदना, दाल चुनकर रखना, बच्चों से उनका बस्ता लगवाना। उनकी यूनिफार्म निकालना, उनके मोजे जूतों में रखवाना, पानी की बोतल और लंच बाक्स अपनी जगह पर रखना। रात को सारा परिवार मिलकर खाना खाता है। परिवार में आपसी सामंजस्य और मेल-मिलाप के लिए जरूरी है कि सब इकट्ठे बैठकर खाना खाएं। बच्चे नौ बजे तक सो जाते हैं। इसके बाद यह महिला कोई टीवी प्रोग्राम देखती है। अगले दिन की तैयारी में जो कुछ बचा हो उसे पूरा करती है, पति से बातें करती है, हंसती, खिलखिलाती है। रात को दस बजे सोने के बाद यह सवेरे पांच बजे उठती है। दोनों पति-पत्नी योग करते हैं। उससे पहले यह दाल और सब्जी बनने रख देती है। जितनी देर दोनों योग करते हैं, दाल, सब्जी बनकर तैयार हो जाती है। दाल-सब्जी की तैयारी रात को सोने से पहले ही कर दी गई थी, इसलिए कोई दिक्कत भी नहीं होती।

इसके बाद दोनों चाय पीते हैं। बच्चों को उठाते हैं। पति बच्चों को नहलाने-धुलाने, तैयार करने में मदद करते हैं। महिला बच्चों का नाश्ता और स्कूल ले जाने का टिफिन तैयार करती है। जब तक पति बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हैं, वह दोनों के लिए दफ्तर ले जाने का खाना और नाश्ता तैयार कर देती है। पति कालेज में पढ़ाते हैं, इसलिए दोपहर में बच्चों के आने से पहले वह लौट आते हैं। उनका होमवर्क करा देते हैं। खाना गर्म करके तीनों साथ खा लेते हैं। सवेरे रसोई का काम खत्म होने से पहले ही पति आकर घर की साफ-सफाई का जिम्मा संभालते हैं। महिला रसोई को संवारती है। दोनों के नहाने के बाद कपड़े वाशिंग मशीन में डालती है। जब तक नाश्ता करते हैं, तैयार होते हैं, कपड़े धुल जाते हैं। निकलने से पहले या तो वह या पति कपड़े सुखा देते हैं और इस तरह शाम तक का काम बिना किसी बाहरी मदद के पूरा हो जाता है। लौटते हुए दफ्तर के पास लगने वाली फल मंडी से बच्चों के लिए फल भी खरीदकर गाड़ी में रख लेती है। उसका कहना है कि जहां वह रहती है, वहां फल बहुत महंगे मिलते हैं और अच्छे भी नहीं होते, इसलिए वह यहां से खरीदती है। बचत भी होती है। एक बार आफिस के टाउन हाल में इस महिला ने जब अपनी दिनचर्या के बारे में बताया, तो सब बहुत चकित हुए। कइयों ने कहा कि तुम इनसान हो या रोबोट। इतने सारे काम कैसे कर लेती हो। थकती नहीं हो। फिर नौकरी भी करने आ जाती हो। संयोग से ये दिन साल के आखिरी दिन ही थे। बहुत से लोग उसे लेडी राबिन्सन क्रुसो भी कहने लगे। महिला उनकी बातें सुनकर हंसी। उसने कहा आप लोग हर नए साल के शुरू होने से पहले बहुत से संकल्प लेते होंगे। जिनमें स्वास्थ्य सम्बंधी संकल्प




भी होते होंगे। बचत करने की बात होती होगी। परिवार के साथ समय बिताने के बारे में भी सोचते होंगे। योग, एक्सरसाइज भी शिड्यूल में होते होंगे। आप ही बताइए जिस दिनचर्या के बारे में मैंने आपको बताया, उसमें इनमें से कौन-सी चीज छूट गई।

मैं और मेरे पति अपने परिवार की देखभाल करते हैं। अपने स्वास्थ्य के बारे में सोचते हैं तभी योग करते हैं। घर की साफ-सफाई भी एक्सरसाइज ही समझिए। जितना समय हम जिम में आने-जाने में खर्च करते, उतने समय में घर के काम भी पूरे हो जाते हैं और हमारी एक्सरसाइज भी। अच्छे स्वास्थ्य के लिए घर का खाना जरूरी माना जाता है इसलिए हम कोशिश करते हैं कि घर का खाना ही खाएं, वही बच्चों को खिलाएं। हां, कभी-कभार की बात और है। यही नहीं, हम बचत के बारे में भी सोचते हैं क्योंकि अभी तो उम्र है कमाने की, एक दिन ऐसा आएगा कि उम्र तो बची रहेगी, लेकिन कमाने के साधन खत्म हो जाएंगे।

# आत्मनिर्भरता के कदमों से सैन्य तैयारी में मजबूती



डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया। चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड से सटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बड़ा रखी है। इसके अलावा पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेशी कंपनियों से खरीदने के ऑर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नये स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 गन 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है।

इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रान्त स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रान्त की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लम्बाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर व गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इस पर करीब 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। इससे हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

इसी तरह स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवम्बर को किया गया। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है। नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस उन्नत, शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स आदि की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे। गत 22 नवम्बर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77) प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इससे नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी।

वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन गुजरात के बडोदरा स्थित प्लांट में चालू होगा। अमेरिकी कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमान इंजन अब भारत में बनेंगे। भारतीय वायु सेना को 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। लाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बनाई सड़कों ने स्थिति बेहतर बना दी है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई जिससे चीन की किसी भी हरकत से निपटा जा सके। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई को तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे पर खतरे निपटने को तैनात किए। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।




## बालासन

कमजोरी और थकान की शिकायत हो तो नियमित बालासन का अभ्यास करें। इस आसन से तनाव कम होता है, साथ ही ऊर्जा मिलती है। बालासन को करने के लिए जमीन पर घुटनों के बल बैठ जाएं। अब दोनों टखने और एड़ियों को आपस में एक दूसरे से टच करें। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर लाएं और आगे की ओर झुकें। फिर पेट को दोनों जांघों के बीच लाते हुए सांस छोड़ें। इस अवस्था में कुछ देर रूके। बाद में घुटनों को सीध में कर लें और वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।

## शवासन

शारीरिक और मानसिक थकान को दूर करने के लिए शवासन लाभदायक है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर लेटकर पैरों को ढीला छोड़ दें। दोनों हाथों को शरीर से थोड़ी दूरी पर रखते हुए पैर के अंगूठे से लेकर पूरे शरीर के अंगो पर धीरे-धीरे ध्यान केंद्रित करें। मन को शांत रखें और शरीर में ऊर्जा पैदा हो रही है। मानसिक और शारीरिक तनाव दूर होता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अवसाद, हृदय विकार, मनोविकार, अनिद्रा आदि बिमारिओं में उपयोगी हैं। एकाग्रशक्ति, याददाश्त और विचार प्रणाली को बढाता हैं। शवासन नियमित करने से आत्मविश्वास बढ़ता हैं। शरीर को नवचैतन्य प्राप्त होता हैं। मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढाता हैं।

## ताड़ासन



इस आसन से पूरा शरीर स्ट्रेच होता है। ताड़ासन करने के लिए योगा मैट पर सीधे खड़े होकर पैरों के बीच कुछ दूरी रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और स्ट्रेच करके एड़ी उठाते हुए पैर की उंगलियों पर खड़े हो जाएं। इस अवस्था में शरीर के हर अंग में खिंचाव को महसूस करेंगे। अब कुछ देर इसी अवस्था में रूकने के बाद सामान्य स्थिति में लौट आएं। इस आसन को 10 से 15 बार दोहराएं। यह आसन शारीरिक और मानसिक संतुलन विकसित करता है। शरीर के पोस्चर में सुधार लाता है। जांघों, घुटनों और टखनों को मजबूत करता है। पेट और नितंबों को टोन करता है। रीढ़ की हड्डी में खिचाव लाकर उसके विकारों को मिटाता है। कटिस्नायुशूल (साइटिका) से राहत दिलाता है। फ्लैट पैर की परेशानी में मदद करता है।

## धनुरासन

धनुरासन के अभ्यास से थायराइड में बहुत फायदा मिलता है। ऊर्जावान रहने के साथ ही मोटापे को कम करने के लिए भी धनुरासन कर सकते हैं। धनुरासन के अभ्यास के लिए मैट पर पेट के बल लेटकर घुटनों को कमर के पास ले जाएं। अब हाथ से दोनों टखनों पकड़ने का प्रयास करें। फिर सिर, छाती और जांघ को ऊपर की ओर उठाते हुए शरीर का भार पेट के निचले हिस्से पर रखें। कुछ देर इसी अवस्था में रूकें, बाद में सामान्य स्थिति में आ जाएं।

# इन योगासनों से महसूस करेंगे हल्का और ऊर्जावान



खराब जीवनशैली, खानपान में गड़बड़ी से पौष्टिकता में कमी और नींद पूरी न होने से कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से लोग ग्रसित हो जाते हैं। इस अवस्था में व्यक्ति पूरा दिन थकान महसूस करता है। भले ही आप आराम कर लें या कुछ काम न करें लेकिन अंदरूनी तौर पर आप कमजोर और थकावट महसूस करते रहते हैं। इस स्थिति को क्रोनिक फटीग सिंड्रोम कहा जाता है। थकान और कमजोरी को दूर करने के लिए आप दिन भर बिस्तर पर लेटे रहना चाहते हैं। हालांकि शरीर में ऊर्जा की इतनी कमी होती है कि शरीर में भारीपन महसूस होने लगता है। ऐसे में आप थकान और कमजोरी की इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए योगासन कर सकते हैं। योग आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ ही स्टेमिना का भी बढ़ाता है। आंतरिक तौर पर आपको शरीर हल्का और ऊर्जावान महसूस करता है।

## हंसना मना है

यह जो हसीनाओं के बाल होते है, लड़को को फंसाने के जाल होते है, पी जाती हैं सारा खून लड़को का, तभी तो गाल इतने लाल होते हैं..

लड़की - दुआ करो मैं फेल हो जाऊं। फ्रेंड - क्यों? लड़की - अब्बु ने कहा है कि 1st आयी तो लैपटॉप। 2nd आयी तो मोबाइल और फेल हो गयी तो शादी करवा दूंगा!

भिखारी- साहब एक रुपया दे दो। साहब- तुम्हें शरम नही आती, रोड पर खड़े होकर भीख मांगते हो, भिखारी- अब तुझे एक रूपये मांगने के लिए ऑफिस खोलूं क्या?

साइकिल चलाकर पैर दुखे तो बाईक ली, बाईक चलाकर पीठ दुखी तो कार लाये, कार चलाकर पेट निकला तो जिम ज्वाइन किया और जिम में वापस साइकिल, इसे कहते है रिसायक्लिंग।

लड़का फोन पे अपने दोस्त को- क्या बे कुत्ते के पिल्ले, आया क्यों नहीं..? जबाब आया- कुत्ते का पिल्ला नहाने गया है, मैं कुत्ता बोल रहा हूं.. लड़का-सॉरी अंकल।

पत्नी - आप मुझे रानी क्यों बोलते हो? पति - क्योंकि नौकरानी थोड़ा लम्बा शब्द हो जाता है.. पत्नी गुस्से से- तुम्हें पता है कि मैं तुम्हें जान क्यों बोलती हूं? पति - नहीं.. बताओ तो जरा.. पत्नी- जानवर थोडा लम्बा शब्द हो जाता है इसलिए सिर्फ जान बोल देती हूं।

## कहानी | अंगूठी चोर

राजा कृष्ण देव राय बहुत ही कीमती आभूषण पहना करते थे, लेकिन उनके सभी आभूषणों में से सबसे प्रिय थी उनकी कीमती रत्न जड़ित अंगूठी। वो दरबार में भी सभी को वो अंगूठी दिखाया करते थे, लेकिन एक दिन महाराज अपने दरबार में काफी उदास बैठे थे। उन पर उनके सबसे खास मंत्री तेनाली रामा की नजर गई। वो राजा के पास आए और उन्होंने राजा की उदासी का कारण पूछा। राजा ने बताया कि उनकी सबसे कीमती अंगूठी चोरी हो गई है और चोर उनके अंगरक्षकों में से ही कोई एक है। तेनाली राम ने कहा कि वो जल्द उनके अंगूठी चोर को पकड़ लेंगे। तेनाली की बात सुनकर राजा काफी खुश हुए। तेनाली ने राजा के सभी अंगरक्षकों को बुलाया और कहा कि मुझे पता है कि महाराज का अंगूठी चोर आप में से ही कोई एक है। जो निर्दोष है उसे डरने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन जो गुनहगार है, वो सजा भुगतने के लिए तैयार रहे। आप सभी मेरे साथ काली माता के मंदिर चलें।' राजा बोले कि चोर पकड़ने के लिए मंदिर क्यों जाना?' तेनाली ने कहा कि महाराज आप धैर्य रखें। मंदिर में ही चोर का पता चलेगा।' तेनाली पहले मंदिर के अंदर गए और पुजारी के कानों में कुछ कहा। फिर तेनाली ने बाहर आकर अंगरक्षकों को बारी-बारी से काली माता के पैर छूकर आने को कहा। तेनाली ने सभी को यह भी कहा कि आज रात मां काली सपने में आकर उन्हें चोर का नाम बताएंगी। तेनाली की बात सुनकर सभी अंगरक्षक एक-एक कर मंदिर के अंदर जाते और काली मां के पैर छूकर बाहर आते। अंगरक्षक जैसे ही बाहर आते तेनाली उनके हाथ सूंघता और उन्हें कतार में खड़ा कर देता। जब सारे अंगरक्षकों ने काली मां के पैर छू लिए, तो राजा ने कहा कि चोर का पता तो सुबह चलेगा, लेकिन तब तक इनका क्या करें?'फिर तुरंत तेनाली राम बोले कि नहीं महाराज चोर का पता चल चुका है।' वहां पर मौजूद हर कोई हैरान हो गया। तेनाली ने कहा सातवें स्थान पर खड़ा अंगरक्षक ही चोर है। यह सुनते ही वो अंगरक्षक भागने लगा, लेकिन तब तक अन्य अंगरक्षकों ने उसे धर-दबोचा। वहां मौजूद हर कोई हैरान था कि तेनाली को कैसे पता चला कि यही चोर है। तेनाली ने सबको बताया कि मैंने मंदिर में आते ही पुजारी जी से बोलकर काली मां के मूर्ति के चरणों में सुगंधित इत्र लगवा दिया था। जिस कारण जो भी काली मां के पैर छूता सुगंध उसके हाथों पर आ जाती, लेकिन जब उसने सातवें स्थान पर खड़े अंगरक्षक के हाथ सूंघे, तो उसमें कोई सुगंध नहीं थी। उसने पकड़े जाने के डर से काली मां के पैर छुए ही नहीं। ऐसे में यह बड़ी आसानी से पता चल गया कि असली चोर वही था।' तेनाली की बात सुनकर राजा बहुत खुश हुए और तेनाली को कई सारे उपहार से सम्मानित किया।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** — लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**तुला** — पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृषभ** — भशत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** — आंखों को चोट व रोग से बचाएं। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु** — किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी।

**कर्क** — लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है।

**मकर** — राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** — पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**कुम्भ** — राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा।

**मीन** — प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# नए साल को अपने खास लोगों के साथ चुपचाप बिताया : परिणीति



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपने पति राघव चड्ढा के साथ इन दिनों लंदन में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस शादी के बाद पहली बार पति के साथ घूमने गईं। कपल ने नए साल का स्वागत एक साथ किया। सोशल मीडिया पर दोनों ने अपने न्यू ईयर सेलिब्रेशन की झलकियां शेयर की हैं, साथ ही प्यार भरा विश भी किया है। राघव चड्ढा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपनी पत्नी परिणीति के साथ लंदन से कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में परिणीति कैफे में बैठकर राघव का मुंह पकड़कर फनी रिएक्शन दे रही हैं। एक तस्वीर में वह अपने पति की बाहों में पोज दे रही हैं। एक और फोटो में दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर कैमरे के सामने फटो खिंचवाई। आखिरी फोटो में परिणीति पति की गोद में बैठकर पोज दे रही हैं। तस्वीरों में कपल बेहद क्यूट लग रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए राघव चड्ढा ने कहा, वह मुझे सांता कहती हैं, लेकिन यह मैं हूं, जिन्हें सबसे अद्भुत तोहफा मिला है। परिणीति चोपड़ा ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन की ढेर सारी तस्वीरें शेयर की हैं। दो फोटोज में परिणीति अपने पति राघव के साथ कोजी नजर आईं। कुछ फोटोज में एक्ट्रेस के कॉफी और कप केक की झलक दिखाई। एक और फोटो में वह पति राघव और भाई के साथ फोटो क्लिक कराती नजर आईं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन की झलकियां दिखाते हुए परिणीति ने कहा, क्रिसमस और नए साल को अपने खास लोगों के साथ चुपचाप बिताया, उन्हें कसकर गले लगाया और बिस्तर पर चॉकलेट खाई। यह आरामदायक, गर्म और फजी से भरा था।

## करण के शो में जाह्नवी ने ब्वॉयफ्रेंड को लेकर किया खुलासा

# बोलीं-प्यार से शिखर को कहती हूं शिख्खु



करण जौहर का टॉक शो कॉफी विद करण सीजन 8 दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। बीते एपिसोड में सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर नजर आए थे। वहीं इस सीजन के नए एपिसोड का प्रोमो रिलीज हुआ है, जिसमें देखा रहा है कि आने वाला एपिसोड बेहद खास होने जा रहा है क्योंकि इस बार करण की कॉफी पीने कपूर सिस्टर्स जो आ रही हैं। हम बात कर रहे हैं खुशी कपूर और जाह्नवी कपूर की। शो में इस बार दोनों बहने काफी मस्ती करती नजर आएंगी और दोनों ए-दूसरे के राज भी खोलेंगी। करण जौहर के शो में अब तक कई सेलेब्स कॉफी पीते नजर आए हैं और अपने कई राज से भी पर्दा उठाते दिखाई दिए हैं। अब बारी खुशी कपूर और जाह्नवी कपूर की आई है।

करण ने अपने इंस्टाग्राम पर प्रोमो वीडियो शेयर किया है, जिसमें करण ने जाह्नवी संग रैपिड फायर खेला और फिर कई राज खुले। जाह्नवी ने अपने ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया को लेकर खुलासा कर दिया कि वह उन्हें शिख्खु कहती हैं। दरअसल, रैपिड फायर राउंड में करण जाह्नवी से पूछते हैं कि उनके फोन की स्पीड डायल लिस्ट में 3 टॉप कॉन्टेक्ट हैं। इसके जवाब में जाह्नवी कहती हैं कि पहले नंबर पर पप्पा, सैकेंड खूशु और तीसरे पर शिख्खु।

बता दें, शिखर पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। बॉलीवुड में आने से पहले से ही शिखर और जाह्नवी एक-दूसरे को जानते हैं। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करे तो, हाल ही में वरुण धवन के साथ फिल्म बवाल में नजर आई थी। अब जल्द वह फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही और देवरा है। मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी की जोड़ी राजकुमार राव दिखाई देंगी।

# शाहरुख गर्मजोशी से वेलकम करने वाले इंसान हैं : तापसी





बॉलीवुड | मसाला

तापसी पन्नू को शाह रुख खान के साथ रोमांस करने का पहला मौका मिला। फिल्म डंकी में एक्ट्रेस को शाह रुख खान के अपोजिट कास्ट किया गया। हालांकि, फिल्म में किंग खान के साथ रोमांस करना तापसी पन्नू के लिए आसान नहीं था। शुरुआत के कुछ दिनों तो उन्हें खुद को समझाने में निकल गए। डंकी में शाह रुख खान के साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए तापसी पन्नू ने कहा कि ये उनके लिए बेहद मुश्किल था। एक्ट्रेस ने ईटाइम्स के साथ बातचीत में कहा कि शाह रुख खान के सामने वो बर्फ की तरह जम जाती थीं, क्योंकि उनके दिमाग में हमेशा SRK की किंग ऑफ रोमांस वाली पर्सनैलिटी घूमती रहती थी। तापसी पन्नू ने कहा कि जाहिर तौर पर आपके दिमाग में उनकी सभी फिल्मों के फ्लैश कट और स्क्रीन पर उनके बनाए गए मोमेंट, उनके गाने से लेकर डायलॉग तक सभी चीजें मिलकर एक अच्छी रील बना देते हैं। ऐसा नहीं है कि उसकी पर्सनैलिटी डराने वाली है। वो बहुत गर्मजोशी से भरे और वेलकम करने वाले इंसान हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब आप उस इंसान को अपने सामने देखते हैं, जिसे आप सालों से बड़े पर्दे पर देखते चले आ रहे हैं, तो आप पल भर के लिए फ्रीज हो जाते हैं। पहली कुछ मुलाकातों के बाद मुझे लगातार खुद को संभालना पड़ता था कि रियलिटी में वापिस आ जाओ वो तुम्हारे सामने ही बैठे हैं। आप उनके सामने बहुत आत्मविश्वास और बहादुरी से पेश आते हैं, लेकिन मेंटली आप जानते है कि उन्हें देखकर आप एक तरह के खतरे में चले जाते हैं। असल में मुझे इससे निकलने में कुछ दिन लग गए।


अजब-गजब | इस आइलैंड पर चारों ओर हैं जहरीले सांप

# यहां का नजारा देख सिहर जाएगा कलेजा!



दुनिया में एक अनोखा द्वीप ऐसा भी है जहां जहरीले सांपों का राज है। कहा जाता है कि यहां पर इंसान जाते हैं तो जिंदा वापस नहीं आते हैं। ब्राजील के पास स्थित इस द्वीप पर सांपों की बहुत घनी आबादी है और यहां दुनिया का सबसे जहरीले सांपों में से एक गोल्डन लांसहेड वाइपर मिलता है। आलम यह है कि यहां कि इंसानों के जाने पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। अगर आपको लगता है कि दुनिया में सबसे खतरनाक सांप केवल भारत में पाए जाते हैं तो ऐसा नहीं है। हकीकत तो यह है कि दुनिया के कई जगंल ऐसे हैं जहां सांप बहुत अधिक संख्या में मिलते हैं। दुनिया में एक पूरा का पूरा द्वीप ही ऐसा है जहां सांपों का राज है। और तो और इस द्वीप में कोई इंसान जाने की हिम्मत नहीं कर सकता है। यहां जो भी जाता है उसे सांप मार देते हैं। इल्हा दा क्वेनमाडा नाम का यह द्वीप ब्राजील के पास है। इल्हा दा क्वेनमाडा को दुनिया में सांप के द्वीप के तौर पर जाना जाता है। यह ब्राजील के साओ पाओलो के तट से 33 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो चार लाख 30 हजार वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैला है। भूमध्य रेखा के पास स्थित होने के कारण यहां घने जंगल और कई जानवर मिलते हैं जिनमें सांप सबसे ज्यादा हैं। इल्हा दा क्वेनमाडा में बहुत सारे सांपों की प्रजातियां रहती है। इनमें से गोल्टन लांसहेड वाइपर नाम की विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी प्रजाति भी शामिल है। यह दुनिया के सबसे जहरीले सांपों में से एक माना जाता है। इसकी लंबाई करीब 46 इंच की होती है और इसका रंग पीले और कत्थई रंग का होता है। 2015 के आंकलन के अनुसानर यहां करीब दो से चार हजार सांप हैं। यहां हर 75 वर्ग मीटर में एक सांप पाया जाता है। कई लोग तो यह भी दावा करते हैं कि यहां हर किलोमीटर में पांच सांप रहते हैं। लोगों में सांपों को लेकर बहुत से किस्से कहानियां हैं, जिसमें बताया जाता है कि इस द्वीप में जो भी व्यक्ति, चाहे मछुआरा हो या केलों की तलाश में, या कोई और गया, यहां आने के बाद वह निश्चित ही मारा गया। वास्तव में सांप का जहर मांस और ऊतकों में को पिघला देता है। इससे सांप के लिए उसे पचाना आसान हो जाता है। जांचों से पता चला है कि गोल्डन लैंसहेड वाइपर बोथरप प्रकार के सांपों में सबसे तेजी से असर दिखाता है। यहां सांपों ने पेड़ों पर ऊंचाई तक जाना सीखा और वहां टहनियों पर आराम करने वाले पक्षियों को खाने लगे। समय के साथ उनका जहर पांच गुना जहरीला हो गया। वे फुर्तीले होते गए हैं। पक्षियों के अलावा वे छिपकली, मेंढक आदि कई जानवर खाते हैं। यह द्वीप इंसानों की पहुंच से बाहर तो है ही। ब्राजील की सरकार भी इस पर कड़ी नजर रखती है कि यहां कौन आता जाता है। यहां आने वाले लोग अधिकांश तौर शोधकर्ता और जीवविज्ञानी ही होते हैं और उन्हें भी यहां आने के लिए खास तौर से इजाजत लेनी होती है। यहां स्मगलर भी आकर लैंसहेड सापों को पकड़ कर ब्लैक मार्केट में बेचते हैं। यहां पर एक लाइट हाउस है और ब्राजील के नेवी इसके रखराव के लिए साल में एक बार यहां आती है।

# आधा जानवर तो आधा पौधा है ये जीव देखकर नहीं होगा आंखों पर यकीन



क्या कोई ऐसा भी जीव है जो जानवरों को खाता है या क्या कोई जानवर केवल वनस्पति खा कर खुद पौधे की तरह काम करने लग सकता है। महासागर में एक इस तरह का जीव पाया गया है। समुद्री स्लग या घोंघा वैसे तो जानवर ही है, लेकिन यह अपने अंदर बहुत ही रोचक तरीके से ऐसी क्षमता विकसित कर लेता है जिससे वह पौधों की तरह खाना बनाने लगता है। समुद्री घोंगा या स्लग के शरीर के अंदर ही क्लोरोफिल होता है। इसका उपयोग वे सूर्य की रोशनी के जरिए अपना खाना बनाने के लिए करते हैं। ये बिलकुल पौधों के जैसे फोटोसिंथेसिस प्रक्रिया का उपयोग करते हैं। इनमें पैदा होने के साथ ही क्लोरोफिल नहीं होता है। वे क्लोरोफिल अपने जीवन में बहुत सारी वनस्पति खा कर हासिल करते हैं। इस वजह से उन्हें सैकोग्लासन या सैप चूसने वाले समुद्री स्लग कहा जाता है इसके लिए वे काई के तंतुओं का उपयोग स्ट्रॉ की तरह करते हैं। लेकिन वे खाने को जानवरों की तरह पचाते हैं। इसके बाद उन्हें केवल सूर्य की रोशनी की जरूरत होती है। इस पूरी प्रक्रिया को क्लेप्टोप्लास्टी कहते हैं। और इस क्षमता की वजह से ही इन सैकोग्लोसन जीवों को सौर ऊर्जा वाले समुद्री स्लग नाम मिला हुआ है। पर क्या क्लोरोप्लास्ट चुराने से ही ये जानवर इस तरह से प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया कर सकते हैं? वैज्ञानिक जानते थे कि यह संभव नहीं है। इसीलिए उन्होंने इसकी तह तक जाने का फैसला किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि इलिसिया क्लोरोटिका ना केवल काई से क्लोरोप्लास्ट चुराते हैं, बल्कि उनसे उनकी जीन्स को भी लेते हैं और अपने डीएनए में मिला लिया करते हैं। यह जीन ट्रांसफर की बहुत ही अनोखी और शानदार मिसाल है। ये सबसे ज्यादा अमेरिका और कनाडा के पूर्वी तटों के नमकीन दलदल, तलाबों आदि में पाए जाते हैं। ये 2 से 3 सेमी के जीव 6 सेमी तक लंबे हो सकते हैं। युवा इलिसिया क्लोरोटिका लाल या फिर स्लेटी रंग के होते हैं और एक बार जब इनमे क्लोरोप्लास्ट आने लगता है, तो इनका रंग चमकीला हरा होने लगता है। हरे रंग से ये शिकारी जानवरों को भी धोखा में रखने में सफल रहते हैं। ये प्रकाश संश्लेषण के जरिए एक साल तक बिना खाए पिए रह सकते हैं।

# सभी विधायकों को अयोध्या लेकर चलें विस अध्यक्ष : शिवपाल यादव

## बोले- हम भगवान के सभी रूपों की पूजा करते हैं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का कहना है कि जब पूरी दुनिया से लोग अयोध्या में बन रहे भगवान राम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंच रहे है तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष को भी चाहिए कि वह अपने सभी विधायकों को लेकर अयोध्या चलें।

शहर के काकादेव में को एक कार्यक्रम में आए शिवपाल सिंह ने कहा हम भगवान के सभी रूपों की पूजा करते हैं, वह चाहे भगवान विष्णु हों चाहे भगवान राम। हम लोग डा. राम मनोहर लोहिया के अनुयायी हैं और उन्हीं के भगवान राम की सांस्कृतिक चेतना और मान्यता को स्वीकार करते हैं।



### राम को सीमित कर रही भाजपा

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान राम की महिमा को सीमित करने में लगी। उसके नेता इस तरह व्यवहार कर रहे हैं जैसे राम केवल उन्हीं के ही हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मौका मिलेगा तो अयोध्या में जाकर भगवान के दर्शन करूंगा। उत्तर प्रदेश में आइएनडीआइए का नेतृत्व सपा के करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा दल समाजवादी पार्टी है। गठबंधन के अन्य दलों को भी सीटों का बंटवारा कर चुनाव एक साथ लड़ेंगे।

## विपक्ष को जनता से कुछ नहीं लेना-देना : सत्येन्द्र दास



अयोध्या। कांग्रेस नेता उदित राज के ट्वीट पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेता उदित राज के ट्वीट पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने कहा, पीएम जो कर रहे हैं वह सबका साथ, सबका विकास है। वे (कांग्रेस) सत्ता में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें कोई सत्ता नहीं मिलने वाली है। क्योंकि जनता सत्ता देती है और इन लोगों को जनता से कोई मतलब नहीं है। ये सिर्फ प्रधानमंत्री की आलोचना करने में लगे हैं। कुछ भी काम नहीं आने वाला। ये तय है कि 2024 में एक बार फिर भाजापा सरकार बनाएगी और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

## राम तभी घर आएंगे जब केंद्र में इंडिया गठबंधन का झंडा लहराएगा : तेजप्रताप



पटना। बिहार सरकार में मंत्री तेज प्रताप यादव ने बयान दिया है कि राम तभी घर आएंगे जब केंद्र में इंडिया गठबंधन का झंडा लहराएगा। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को जब अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो सभी देशवासियों से अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाने और दिवाली मनाने का आह्वान किया था, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार सरकार में मंत्री तेज़ प्रताप यादव ने कहा था कि जब केंद्र में इंडिया महागठबंधन की ध्वजा लहराएगी, उसी दिन राम घर आएंगे। तेज़ प्रताप के इस बयान पर राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ये लोग दिन में सपने देख रहे हैं, इनके सपने कभी पूरे नहीं होंगे। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, अब वो सब अपने अपने-अपने घरों में झंडा लहराएं, अब केंद्र में आने वे (तेज प्रताप यादव) जो सपने देख रहे हैं वह दिवास्वप्न है, और दिवास्वप्न सच नहीं होते, पहले ये सोच लें कि ये जो गठबंधन बना है उसमें एकता ही नहीं है और जब एकता ही नहीं है, जहां सुमति नहीं है और इस तरफ़ (एनडीए) भाजपा का संगठन है, उसमें सुमति है। एक को नेता माने हैं। उसी नेता के आधार पर चुनाव लड़ेंगे।

## शर्मिला वाईएसआरटीपी का कांग्रेस में करेंगी विलय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। तेलंगाना से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां वाईएस शर्मिला अपनी पार्टी वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) का कांग्रेस में विलय करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वह आधिकारिक तौर पर इस सप्ताह के अंत तक दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होंगी। सूत्रों का कहना है कि वाईएस शर्मिला को राज्यसभा, एआईसीसी महासचिव और आंध्र प्रदेश के पीसीसी की पेशकश की गई थी।

शर्मिला कांग्रेस के ऑफर पर सहमत हो गई हैं. बता दें कि इस साल आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में पार्टी शर्मिला को बड़ी जिम्मेदारी देकर पार्टी को फिर से खड़ा करने की तैयारी में है। बता दें कि पिछले साल नवंबर में तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आखिरी वक्त पर वाई.एस. शर्मिला ने कांग्रेस को अपना सपोर्ट दिया था। उन्होंने अपनी पार्टी के किसी भी प्रत्याशी को चुनाव में उतारने से इंकार कर दिया था। शर्मिला ने तब कहा था कि तमाम सर्वे और जमीनी हकीकत से पता चलता है कि राज्य में कांग्रेस चुनाव जीत रही है।

# अडानी एनर्जी को मिला प्रतिष्ठित ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लीडरशिप अवार्ड

## कंपनी की नवोन्मेषी समाधानों, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की प्रतिबद्धता को मान्यता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अहमदाबाद। अडानी ग्रुप की अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को मॉरीशस में वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी कांग्रेस ने बेस्ट ओवरऑल सस्टेनेबल परफॉर्मेंस कैटेगरी में ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लीडरशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित किया है। एईएसएल भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी है। इस अवार्ड से एईएसएल की सस्टेनेबल प्रैक्टिस को लेकर प्रतिबद्धता और पावर सेक्टर में बतौर लीडिंग इनोवेटर ग्रीनर फ्यूचर में प्रमुख योगदान को पहचान मिली है।



ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लीडरशिप अवार्ड हर वर्ष उन कंपनियों को दिया जाता है, जो सस्टेनेबिलिटी में बेहतरीन काम करती हैं। अवार्ड कमेटी ने एईएसएल को उसके नवोन्मेषी समाधानों, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की प्रतिबद्धता और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए डेडिकेशन को मान्यता दी है।

वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है, जो सस्टेनेबल लीडरशिप के लिए काम करता है। यह बेहतर भविष्य के लिए सस्टेनेबल बिजनेस प्रैक्टिस और सॉल्यूशंस में तेजी लाने और जागरूक करने के लिए संगठनों, एनजीओ, पब्लिक इंटरेस्ट ग्रुप और सरकारी निकायों को एक साथ लाने की कोशिश करता है।


### प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाना सम्मान की बात : सरदाना

एईएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल सरदाना ने कहा, हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे हमारी सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की हमारी कोशिशों को नई पहचान मिली है और हमें ग्रीनर और अधिक सस्टेनेबल फ्यूचर की दिशा में अपना काम जारी रखने के लिए प्रेरणा मिली है। एईएसएल सस्टेनेबल इनोवेशन में हमेशा सबसे आगे रहा है और ऐसे सॉल्यूशंस विकसित कर रहा है जो न केवल पर्यावरण को फायदा पहुंचाते हैं बल्कि इकॉनोमिक ग्रोथ और सोशल डवलपमेंट में भी योगदान देते हैं। कंपनी की सस्टेनेबल प्रैक्टिस ने इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क स्थापित कर दिया है, जिसको फॉलो करने के लिए दूसरे लोग भी प्रेरित हो रहे हैं।

# खेल मंत्रालय के निलंबन को नहीं मानेंगे : संजय

## कुश्ती संघ अध्यक्ष बोले- तदर्थ समिति को कोई अधिकार नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती पर छाये संकट के बादल हटने का नाम नहीं ले रहे और अब निलंबित डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि वे तदर्थ समिति या खेल मंत्रालय द्वारा लगाये गए निलंबन को नहीं मानते और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन करेंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव के तीन दिन बाद ही मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया।

सरकार के अनुरोध पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया जिसके अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर हैं। तदर्थ समिति ने सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो से पांच फरवरी को जयपुर में कराने का ऐलान किया है। संजय ने कहा कि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से हुआ है। निर्वाचन अधिकारी ने कागजों पर दस्तखत किये जिसे वे कैसे अनदेखा कर सकते है। हम इस तदर्थ समिति को नहीं मानते।'' यह पूछने पर कि राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कैसे होगी, उन्होंने कहा हम इस निलंबन को नहीं मानते। डब्ल्यूएफआई अच्छे से काम कर रही है। तदर्थ समिति राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन कैसे करेगी अगर हमारे प्रदेश संघ टीमें ही नहीं भेजेंगे। हम जल्दी ही अपनी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन करेंगे। हम जल्दी ही कार्यकारी समिति की बैठक बुलायेंगे। इसका नोटिस एक या दो दिन में भेज दिया जायेगा।

## आईसीसी व बीसीसीआई पर बरसे स्टीव



आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सहित दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टी-20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए कमजोर टीम का चयन किया है। उसने नया कप्तान चुना है और उसकी टीम में सात ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। वॉ ने दक्षिण अफ्रीका के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए अन्य क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी पर भी निशाना साधा।



## सनसनीखेज वारदात से दहला उत्तर प्रदेश का बदायूं

# बाप ने बेटी और उसके प्रेमी को फावड़े से काट डाला

» हत्यारे ने थाने में किया सरेंडर

» ऑनर किलिंग का मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बदायूं। बदायूं जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परौली में मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे ऑनर किलिंग की वारदात हो गई। पिता ने अपनी 19 वर्षीय बेटी नीतू और उसके 20 वर्षीय प्रेमी सचिन की फावड़े से काटकर हत्या कर दी और खुद फावड़ा लेकर थाने में सरेंडर हो गया। ग्राम परौली निवासी सचिन पुत्र सूरजपाल हिमाचल प्रदेश में काम करता था। उसका काफी समय से गांव की ही नीतू पुत्री महेश से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

बताया जा रहा है कि सचिन शनिवार को ही हिमाचल प्रदेश से घर आया था। मंगलवार सुबह करीब 4:00 बजे नीतू अपने घर से तैयार होकर सचिन के घर की ओर गई थी। तभी उसके पिता महेश और परिवार के अन्य लोगों ने देख लिया। पिता फावड़ा लेकर उसके पीछे-पीछे पहुंच गया और उसने सचिन के घर के दरवाजे के सामने ही नीतू पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सचिन ने उसे बचाने की कोशिश की थी। महेश ने उस पर भी फावड़े से हमला कर दिया और दोनों की वहीं फावड़े से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद पिता फावड़ा लेकर बिल्सी थाने में सरेंडर हो गया। इस घटना में और भी लोग शामिल बताए जा रहे हैं लेकिन अभी किसी का नाम सामने नहीं आया है। इस वादात के बाद से लोगों में चर्चा हो रही है कि इस तरह कि घटनाएं आज के समाज में होना उचित नहीं है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों का कहना है कि पश्चिमी यूपी में इस तरह के वारदात बहुत होते हैं। ऐसे में सरकारों को भी ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए माता-पिता व बच्चों की काउंसिलिंग की जाए की बातचीत से ही मामले सुलझाएं।



### गांव में दहशत का माहौल, पुलिस बल तैनात

इस घटना को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। दोनों परिवार अलग-अलग जाति के हैं। सचिन धुना और नीतू कोरी जाति से है। इसकी सूचना पर एसएसपी डॉ. ओपी सिंह, एसपी देहात राम मोहन सिंह और सीओ समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### मामले की जांच कराई जा रही है : एसएसपी

डॉ. ओपी सिंह एसएसपी ने कहा हे कि बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परौली में एक पिता ने अपनी बेटी और उसके प्रेमी की फावड़ा से काटकर हत्या कर दी है। आरोपी पिता ने थाने में सरेंडर कर दिया है। इस मामले में एफआईआर करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# जापान में भूकंप से 30 से ज्यादा की मौत

» इमारतें ढहीं और लगी आग, सुनामी का भी कहर

» जापान में भारत का इमरजेंसी नियंत्रण कक्ष स्थापित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दुनिया जब नए साल का जश्न मना रही थी उस दौरान जापान के लोग परेशानी से जूझ रहे थे। 7.5 तीव्रता के शक्ति शाली भूकंप से जापान की धरती बुरी तरह से कांप गई। इस घटना में करीब 30 लोगों की मौत हो गई और 155 लोगों के फंसे होने की आशंका हैं। एक दिन में 155 भूकंप के झटके जापान में महसूस किए गए। यूनाइटेड जूलॉजिकल सर्वे के मुताबिक यह भूकंप स्थानीय समय के मुताबिक शाम करीब 4 बजकर 10 मिनट पर इशिकावा प्रान्त के नोटो प्रायद्वीप पर आया।

भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में महसूस किया गया। जापान में धरती हिलते ही इमारतें ढह गईं, आग लग गई और पूर्वी रूस तक सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई, जबकि जापान के तटीय इलाकों में रह रहे लोगों का वहां से चले जाने का आदेश दिया गया। एक्स पर शेयर किए गए एक बयान में जापान में भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास ने 1 जनवरी, 2024 को आए भूकंप और सुनामी के संबंध में किसी से भी संपर्क करने के लिए इमरजेंसी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सहायता के लिए इन नंबरों और ईमेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे को लगाई फटकार

» कवच सिस्टम समेत सभी सुरक्षा उपायों का परीक्षण करेगी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। ओडिशा के बालासोर में पिछले साल हुए रेल हादसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अब अदालत रेलवे में कवच सिस्टम समेत सभी सुरक्षा उपायों का परीक्षण करेगी। वहीं अदालत ने रेलवे से पूछा है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए कवच सिस्टम समेत क्या सुरक्षा उपाय हैं या भविष्य में क्या उपाय प्रस्तावित हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दो दिन के भीतर याचिका की कॉपी एजी को सौंपने के लिए कहा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सुनवाई की अगली तारीख पर एजी सुप्रीम कोर्ट को रेलवे में कवच सिस्टम समेत मौजूदा सुरक्षा उपायों और प्रस्तावित उपायों की जानकारी दें।

### मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुवों की नियुक्ति को लेकर बने नए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में दिसंबर में संशोधित कानून को चुनौती दी गई है। याचिका में मांग की गई है कि संसद द्वारा पास किए गए संशोधन को रद्द किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर नियुक्तियों में देश के मुख्य न्यायाधीश को पैनल में शामिल करने की मांग की गई है। संशोधित कानून के मुताबिक, सीजेआई को सलेक्शन पैनल से हटा दिया गया।

# संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी हो एफआईआर: ठाकुर

» बीएचयू केस के आरोपियों की आत्मा शुद्धि के लिए गांधी प्रतिमा पर चढ़ाए पुष्प

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। वाराणसी में हुए आईआईटी बीएचयू कांड में पकड़े गए भाजपा नेताओं पर देर से हुई गिरफ्तारी को लेकर जनाधिकार सेना के अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर ने गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। अमिताभ आईआईटी बीएचयू की घटना के विरोध में जीपीओ गांधी प्रतिमा पर तीनों आरोपियों के नाम एक-एक पुष्प अर्पित करके उनके सदबुद्धि की कामना की।

उन्होंने पूरे मामले में पुलिसिया कार्रवाई पर प्रश्न खड़े किए। अपनी मांग को लेकर राज्यपाल को प्रत्या वेदन भी भेजा। ठाकुर ने कहा कि घटना में पुलिस ने पूरी तरह लापरवाही बरती। पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपी इतने दिनों तक खुले घूमते रहे उन्होंने कहा सत्ता के इशारे पर पुलिस ने कार्रवाई में ढिलाई बरती। इस मामले में उनके खिलाफ भी एफआईआर हो जिसने आरोपियों को संरक्षण दिया।




# यूपी में कोहरा छंटा पर गलन बढ़ी, ठिठुरे लोग

» प्रदेश के कई जिलों में बारिश के आसार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी में मंगलवार को कोहरे का असर तो कम रहा लेकिन गलन बढ़ गई। दृश्यता बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रही। न्यूनतम तापमान कम होने से गलन का असर ज्यादा रहा। फिलहाल मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। अगले दो-तीन दिन के भीतर विंध्य व बुंदेलखंड में बूंदाबांदी के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दिन बीतने के साथ कहीं-कहीं मौसम खुलेगा तो अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी संभव है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र पर कोहरे का घनत्व वाराणसी और प्रयागराज में सर्वाधिक रहा, यहां दृश्यता शून्य रही। लखनऊ में 500 मीटर तक बढ़ गई थी दृश्यता, इसलिए यहां कुछ राहत रही। फुर्सतगंज में 50, झांसी में 80 मीटर, हमीरपुर व नजीबाबाद में 100 मीटर और बांदा में 150 मीटर दृश्यता रही। अन्य इलाको में 200 या इससे अधिक रही। इस बीच बाराबंकी, हरदोई, कानपुर नगर, समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। राजधानी में सोमवार को हल्का कोहरा छाया रहा। दिनभर हवा चलती रही, धूप निकली, लेकिन उसकी तेजी बेअसर रही। दिन का पारा बीते 24 घंटे के 19.5 डिग्री की अपेक्षा 18.5 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 10.2 के मुकाबले नौ डिग्री सेल्सियस रहा।



### देश भर में कोरोना केस कम हुए

देश में कोविड 19 केसों में अगले 7 से 10 दिनों में कमी आनी शुरू हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट जेएन-1 के कारण गंभीर बीमारी नहीं हो रही है और यह किसी क्लस्टर में तेजी से भी नहीं फैल रहा है। रोजाना केसों की संख्या भी नियंत्रण में है। ऐसे में कहा जा सकता है कि अगले कुछ दिनों में केस कम होना शुरू हो जाएंगे और ऐसा कुछ जगहों पर देखने में भी आ रहा है। हालांकि ठंड के कारण होने वाला सीजनल फ्लू चलता रहेगा लेकिन कोविड के मामले कम होने लगेंगे। उनका कहना है कि लोगों को सावधानी जरूर बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केसों का जिस तरह का ट्रेंड देखने को मिल रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि कोविड केस ज्यादा स्पीड से नहीं बढ़ेंगे। देश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।